## नगर के इवेंट



गुना। ब्राह्मण समाज ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, रंगारंग कार्यक्रम किए।



गुना। खाटू श्याम मित्रमंडल द्वारा सत्यनारायण मंदिर में मनाया होली मिलन समारोह।

# 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' महिलाओं का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' 08 मार्च के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी गुना प्रबंध समिति द्वारा रेडक्रॉस भवन में महिला जागरूकता कार्यशाला एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. किशन यादव ने की तथा श्री गिरराज अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, अनुसुइया रघुवंशी, अंजना सिंघल (मल्टीपल गवर्नर लायंस क्लब) सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कन्याल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि गुना जिला गुलाब उत्पादन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है और पॉलीहाउस के माध्यम से हो रही गुलाब की खेती जिले के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भी जिले की एक बेटी ने सफलता प्राप्त कर गुना का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शासन की अधिकांश योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने 'जिज्जी की पंचायत' में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं के उत्कृष्ट कार्यों की भी सराहना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा पुष्पवर्षा कर उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु डॉ. किशन यादव ने कहा कि सशक्त महिला ही समृद्ध समाज और प्रदेश की पहचान है। उन्होंने कहा कि बेटियां दो कुलों की धरोहर होती हैं, इसलिए उनके शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में अनुसुइया रघुवंशी ने भी महिला सशक्तीकरण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. सतीश राजपूत को उपचार में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले एवं नगर की समाजसेवी महिलाओं के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, महिला चिकित्सक तथा सफाई कर्मी महिलाओं को समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### पूर्व मंत्री ने किया ग्राम पंचायत भवन पहारुआ का उदघाटन, कांग्रेस जनों ने किया स्वागत




गुना । म.प्र.शासन के पूर्व मंत्री एवं राघोगढ़ के विधायक जयवर्धन सिंह ने ग्राम पंचायत भवन पहारुआ का उद्घाटन जनता को समर्पित किया । इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी जिला गुना के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन की अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आरोन गोपाल सोनी,कांग्रेस कमेटी शहर 1 गुना के प्रभारी आविद भाई सहित गुना, आरोन ब्लॉक के प्रभारी रविन्द्र सिंह रघुवंशी, गुना ग्रामीण के प्रभारी शिवकुमार उपरिंग एवं जन प्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, क्षेत्र वासियों,कांग्रेस जनों ने भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर गुना से ओमप्रकाश शर्मा पूर्व पार्षद,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 1 गुना के अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह,पंकज कनेरिया ,एस.पी. वर्मा सेवा निवृत्त टीआई, तरुण सेन पार्षद, बृजेश भार्गव, शिवलाल नायक,प्रतीक कपूर युवा नेता,भगवान सिंह अहिरवार पूर्व प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस,राकेश बाल्मीकि,भगवान लाल बरेले ब्लॉक सचिव 1 गुना, नबल दामले महामंत्री युवा कांग्रेस गुना, सहदेव बाल्मीक,सोहिल भाई, सलमान खान आदि ।

### त्रिशूल दीक्षा के साथ दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



गुना । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति द्वारा त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की बहनों को दंड और तलवार का प्रशिक्षण दिया गया तथा त्रिशूल दीक्षा दिलाई गई। इस दौरान समाज में नारी शक्ति के महत्व का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नारी घर से लेकर देश तक हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाने की क्षमता रखती है। नारी शक्ति का स्वरूप है और वह स्वयं प्रकृति का अंश है। हर क्षेत्र में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इसलिए नारी शक्ति सदैव पूजनीय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पानी का कोई निश्चित आकार नहीं होता और वह जिस पात्र में डाला जाए उसी के अनुरूप ढल जाता है, उसी प्रकार नारी भी हर परिस्थिति और माहौल में स्वयं को ढाल लेती है। अपने समाज, परिवार और देश की रक्षा के लिए वह जरूरत पड़ने पर दुर्गा और काली का रूप भी धारण कर सकती है। इस अवसर पर जिला संयोजिका सपना शर्मा, नीति भार्गव, नीरज अवस्थी, संध्या शर्मा, सरिता शर्मा, अर्चना पाठक, नीतू निर्भया, हेमलता निर्भया, प्रीति शर्मा, श्वेता शर्मा, संगीता सहित अन्य बहनें मौजूद रहीं।

## ढोल-नगाड़ों की थाप पर हुरियारे निकले

# रंग-गुलाल की फुहारों से रंगा शहर रंग पंचमी पर सड़कों पर जश्न मना









हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

होली के पांचवें दिन मनाई जाने वाली रंग पंचमी पर शहर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही शहर की गलियों और मुख्य चौराहों पर रंग-गुलाल की बौछार के साथ हुरियारों की टोलियां निकल पड़ीं। ढोल-ढमाकों और की धुन पर युवा जमकर थिरकते नजर आए और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां बांटी।शहर के हाट रोड, जयस्तंभ चौराहा, बस स्टैंड क्षेत्र, सदर बाजार और विभिन्न कॉलोनियों में रंग पंचमी का उत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। युवाओं की टोलियां रंग और गुलाल उड़ाते हुए सड़कों पर निकलीं और "होली है" के जयघोष के साथ माहौल को रंगमय बना दिया। कैंट चौराहा समेत कई स्थानों पर बैंड बाजा और ढोल की थाप पर युवाओं ने नृत्य कर जमकर मस्ती की।रंग पंचमी के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक राजनीतिक संस्थाओं द्वारा होली मिलन समारोहों का आयोजन भी किया गया। इन कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कई स्थानों पर ठंडाई, मिठाई और पारंपरिक व्यंजनों का भी वितरण किया गया।महिलाओं और बच्चों में भी रंग पंचमी को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। कॉलोनियों और मोहल्लों में महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया, वहीं बच्चों ने रंग-पिचकारी के साथ जमकर आनंद लिया। कुछ युवकों ने होली खेली और क्रिकेट भी खेला।दिनभर शहर के कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और मिलन समारोह चलते रहे, जिनमें लोगों ने आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी के चलते शहर में शांति और व्यवस्था बनी रही। कुछ मंदिरों में भी फाग उत्सव मनाया गया।रंग, उमंग और भाईचारे के इस पर्व ने एक बार फिर शहरवासियों को आपसी एकता और सौहार्द का संदेश दिया। पूरे दिन गुना शहर रंगों में सराबोर नजर आया और हर तरफ होली के गीत-संगीत और उल्लास का माहौल बना रहा।



## जिला शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने बोर्ड परीक्षा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु स्थापित शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना स्थित मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की बारीकियों का अवलोकन किया और संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी गोयल ने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को निर्देशित किया कि मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। अंकों की प्रविष्टि एवं गणना पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ की जाए।जिला शिक्षा अधिकारी ने गणित, संस्कृत, अकाउंटेंसी एवं जीव विज्ञान विषयों के मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण की समीक्षा की तथा मूल्यांकन मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण का मूल्यांकन 10 मार्च से प्रारम्भ होगा। अब तक हाई स्कूल की लगभग 35 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी की 45 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन संपन्न हो चुका है।

प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्य में जो शिक्षक बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, उनके प्रति प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन केंद्र प्रभारी से अनुपस्थित शिक्षकों की सूची तलब की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा तथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा "मूल्यांकन कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें देरी या अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं है। सभी शिक्षक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभाएं।

## राठौर समाज ने हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया 4 अप्रैल को होगा निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन



गुना। राठौर क्षत्रिय समाज जिला गुना द्वारा पुरानी छावनी स्थित समाज की धर्मशाला में रंगपंचमी के पावन पर्व पर वार्षिक होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। समारोह में समाज के संरक्षक प्रेम नारायण राठौर का सभी ने रंग-गुलाल लगाकर स्वागत किया, जिसके बाद समाज बंधुओं ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर पर्व की बधाई दी।समारोह के दौरान समाज के कोषाध्यक्ष राजेश राठौर ने वर्षभर के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वहीं, समाज के अध्यक्ष नरेंद्र राठौर और पूर्व अध्यक्ष पवन राठौर ने आगामी 4 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा साझा करते हुए समाज जनों को तैयारियों से अवगत कराया।
इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुकेश राठौर, हरिचरण राठौर, बृजेश राठौर, राजकुमार राठौर, संगठन मंत्री प्रेमी राठौर, मीडिया प्रभारी उमेश राठौर और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष किरण राठौर सहित समस्त महिला मंडल उपस्थित रहा। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू राठौर, कैलाश राठौर, रामबाबू राठौर, पवन राठौर, ईश्वर लाल राठौर, प्रमोद राठौर, सूर्य प्रकाश राठौर, मंगेश राठौर और अन्य समाज बंधुओं ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन नाच-गाने और स्वल्पाहार के साथ हुआ। अंत में महामंत्री राजेंद्र राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हनुमंतपुरा में शॉर्ट सर्किट से 7 बीघा गेहूं की फसल राख

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के ग्राम हनुमंतपुरा में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते दो किसानों की सालभर की मेहनत जलकर खाक हो गई। रविवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में किसान विष्णु धाकड़ की 2 बीघा और गणपत आदिवासी की 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जल गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान नियमों के अनुसार खेतों की बिजली रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक ही दी जा रही है, लेकिन मकरावदा डैम पर पार्टी कर रहे अधिकारियों ने अपने एंजॉयमेंट के लिए दोपहर 2 बजे लाइन चालू करवा दी। इसी बेवक़्त बिजली सप्लाई के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ और आग भड़क उठी। अब पीड़ित किसान और ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि इस भारी नुकसान का जिम्मेदार कौन है और क्या लापरवाह अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होगी?

## एससी,एसटी अधिनियम, राहत प्रावधानों व जाति प्रमाणपत्र संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी

# विशेष पुलिस थाना अजाक ने जनचेतना शिविरों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों के अधिकारों के संरक्षण एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डीएसपी अजाक विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में विशेष पुलिस थाना अजाक प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. आर्य द्वारा अपने स्टॉफ सहित कैंट थानांतर्गत ग्राम सिंघाडी, ग्राम विनायकखडी एवं एकलव्य स्कूल गुना में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों के बीच जनचेतना शिविरों का आयोजन किया गया । शिविरों के दौरान अजाक थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम (SC/ST Act) के प्रावधानों, पीड़ितों को मिलने वाली राहत राशि, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा जाति प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया के संबंध में



विस्तृत जानकारी दी गई एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार के अत्याचार, भेदभाव या शोषण की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते वैधानिक एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके ।

साथ ही उनके हितार्थ शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया ।गुना पुलिस का उद्देश्य ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान कर सशक्त बनाना, उनमें विश्वास का वातावरण निर्मित करना एवं उन्हें उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है । शिविरों के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया । कार्यक्रम में ग्रामीणजनों द्वारा गुना पुलिस के इस प्रयास की काफी सराहना की गई और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई ।

### हत्या के मामले में फरार तीनों आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचाए

गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण और अपराधियों की धरपकड़ हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमती प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार और उनकी टीम द्वारा गैर इरादतन हत्या के गंभीर प्रकरण में घटना दिनांक से फरार चल रहे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है । फरियादी सूर्यभान सोलंकी ने अस्पताल चौकी गुना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 24 फरवरी 2026 को पड़ोसी धर्मेन्द्र सोनी, कल्ला जैन, मल्ला जैन एवं मनोज जैन से प्लॉट में गाड़ी रखने को लेकर विवाद हुआ था । इसी रंजिश में उसी दिन जब वह अपने पिता शिवभानु सोलंकी और भाई कुनाल सोलंकी के साथ मोटरसाइकिल से गुना से आरोन जा रहे थे, तब ग्राम सेमरी के खेल मैदान के पास आरोपी धर्मेन्द्र सोनी ने इनोवा कार क्रमांक **GJ**01 **KR** 4517 से पीछे से टक्कर मार दी । दुर्घटना में चार लोगों को चोटें आईं तथा उसके पिता शिवभानु सोलंकी की गंभीर चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी । जिस पर से आरोपीगण धर्मेन्द्र सोनी, कल्ला जैन, मल्ला जैन एवं मनोज जैन निवासीगण आरोन के विरुद्ध बजरंगगढ़ थाने में अपराध दर्ज किया गया था । बजरंगगढ थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण के मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र सोनी निवासी आरोन को घटना में प्रयुक्त इनोवा कार सहित पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।बजरंगगढ थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार और उनकी टीम द्वारा गैर इरादतन हत्या के उक्त प्रकरण में फरार शेष आरोपियों की तलाश व पतारसी हेतु अपना मुखबित तंत्र सक्रिय किया गया एवं जिनकी गिरफ्तारी हेतु आरोन, गुना व उनके मिलने के संभावित स्थानों पर सघन दबिशें दी गई । जिसके परिणाम स्वरुप आज दिनांक 07 मार्च 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर बजरंगगढ थाना पुलिस द्वारा तत्पर व प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रकरण के फरार चल रहे तीनों आरोपियों 1- कल्ला उर्फ कुलदीप पुत्र प्रताप कुमार जैन उम्र 38 साल, 2-मल्ला उर्फ दीपक पुत्र प्रताप कुमार जैन उम्र 37 साल एवं 3-मनोज पुत्र राजकुमार जैन उम्र 52 साल निवासीगण प्रताप मार्ग, वार्ड क्र. 04 आरोन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है । बजरंगगढ़ थाना पुलिस की इस सक्रिय और सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक दिलीप कलावत, प्रधान आरक्षक राजेश शुक्ला, प्रधान आरक्षक दिलीप कलावत, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण धाकड, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी, आरक्षक महेश बंजारा, आरक्षक मुकेश वर्मा, आरक्षक नवल किशोर, आरक्षक आरिफ खान एवं महिला आरक्षक सपना रघुवंशी व महिला आरक्षक पूजा गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा है ।


बधाई नृत्य होते देखे गए, पूरे दिन और रात आस्था का मेला चला, लोगों ने अपनी मन्नतें पूरी होने पर कराया राई नृत्य

# करीला मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचे, जानकी माता को माथा टेककर मांगी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



करीला अशोकनगर जिले की वह पवित्र और पावन भूमि है यहां लाखों श्रद्धालु प्रदेश के साथ पड़ौसी राज्य उत्तरप्रदेश और राजस्थान से यहां आते हैं, भीड़ का अनुमान लगा पाना मुश्किल है। हर वर्ष मेले में भीड़ बढती जा रही है, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जो प्रबंध किए जाते हैं वह भी कम पड़ जाते हैं। यह आस्था का ही चमत्कार है कि यहां आने वाले श्रद्धालु माता के दरबार में माथा टेकते हैं और मनोकामनाओं की प्रार्थना कर अपने घरों को लौट जाते हैं। इस पवित्र पावन भूमि को लेकर जहां श्रद्धालुओं में उत्साह रहता है वहां नृत्यांगनाओं में भी व्यापक उत्साह देखने को मिलता है। अशोकनगर जिले के प्रसिद्व करीला धाम मे रंगपंचमी पर लगने वाले मेले को लेकर दो दृश्य देखने को मिले। एक भीड मेले मे जा रही थी और दूसरी भीड मेले से आ रही थी। जिसको जहां से भी करीला धाम पहुचने का मौका मिला वह वहां से करीला धाम पहुचते हुए देखा गया। कई लोगों को पहाडो से उतरते हुए देखा गया। अनेक लोगो ने वाहनों के साथ आकर कही नहर के किनारे डेरा डाला, तो कही प्यास बुझाने के लिए लगाए गए नलो के पास नजर आए। तो अनेक लोगो को कोचा डेम की बेस्ट वेयर से बहकर आने वाले पानी मे नहाते हुए देखा गया। यहा जितने भी भवन मे वह सब आम जनो के लिए उपलब्ध नही थे। एक अधिकारियो का रेस्ट हाउस था। तो दूसरे का उपयोग पुलिस बल को रूकने के लिए किया गया था।

## माता के दरबार मे अर्जी लगाई और बधाई नृत्य हुए

करीला धाम पर आयोजित होने वाले इस मेले मे बडी संख्या मे महिलाए भी नजर आई। पुरूष वर्ग अपने बच्चो कंधो पर बिठाकर ले जाते हुए देखा गया। कई नागा साधु भी इस मेले मे शामिल होने पहुचे। इन सबके बीच करीला मे सब कुछ माता की कृपा से चलता रहा। रंगपंचमी की रात करीला मे बिजली की चकाचैंध से पूरा मेला जगमगाते हुए देखा गया। करीला की इस पावन भूमि पर लोगों ने जानकी माता के दरबार मे माथा टेका और अपनी अर्जी लगाई। अनेक लोगो को अपनी अर्जी यहा बनी दानपेटी मे डालते हुए देखा गया। जानकी माता का दरबार आस्था और मनोती का अनुपम दरबार है। मेले मे नृत्यांगनाए बधाई नृत्य करते हुए देखी गई। अनेक लोगो के अनुभव यहा सुने गए। कई लोगो को बच्चों नृत्यांगनाओ को देकर बधाई नृत्य कराते हुए देखा गया।

## करीला में लोहे की कढ़ाई खूब बिकी यह करीला की पहचान है

करीला मेले की पहचान सिर्फ जानकी माता के दरबार और बधाई नृत्य से ही नही है अपितु यहा आने वाले लोग अपने साथ लोहे की कढाई खरीद कर भी ले जाते है। यहा अनगिनत दुकानदार इस कढाई का व्यापार करने के लिए आते है यहा कढाई खरीदकर ले जाने वाले लोगो का मानना है कि यहा से खरीदी गई कढाई मे तेल कम जलता है। इसलिए वह इस कढाई को यही से खरीद कर ले जाते है। कई लोग जो मिठाई बनाने का काम करते है या हलवाई है। वह भी बडी बडी कढाई खरीदकर ले जाते हुए देखे गए। इस मेले में करोड़ो रूपए की कढ़ाई बिक जाती है एक दुकानदार ने बताया कि पिछले मेले में वह अकेला ही साढे सात लाख रूपए की कढ़ाई बेच चुका था। लगभग 100 दुकानें मेले में लगी हुई हैं। जहां से यह कढाई की खरीददारी हो रही है। मेले मे एक दूसरी खरीददारी लठ्ठ के रूप मे भी देखी गई। यहा आने वाले लोग अपने साथ लठ्ठ भी खरीदकर ले जाते है। यह लठ्ठ सजाकर बेचने के लिए लाए जाते है।

### दर्शन करने उमड़ा विशाल जनसैलाब

करीला मे दोपहर 2 बजे तक 12 लाख लोग दर्शन कर चुके हैं और इतने ही लोगों के दर्शन करने की और संभावना है। जितने लोग आ रहे हैं उतने ही लोग जा रहे हैं। करीला आने वाले मार्गो पर 5 से 6 किमी तक भीड का सैलाव है सभी वाहन पार्किंग स्थल फुल हो गए है। करीला का मेला मेरे कार्यकाल का पहला आयोजन है, इस मेले का आयोजन करना एक बड़ी चुनौती है जो भी कमियां आयोजन करने के बाद सामने आएगीं उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा। लगभग 1500 पुलिसकर्मियों का दल इस मेले में लगाया गया है। यहां एक पुलिस चौकी प्रस्तावित की गई है और जल्द ही इसे स्वीकृति मिलने की संभावना है।

राजीव कुमार मिश्रा, एसपी अशोकनगर।

## मेले में पानी की कमी के साथ वाहनों ऊपर लोग बैठकर पहुंचे

जिस दिन करीला में मेले का आयोजन था उस दिन गर्मी भी तीखी थी जिसके कारण लोगों को जरूरत से ज्यादा पानी की तड़प लगती रही। प्रशासन ने पानी की कमी को पूरा करने के लिए तरह तरह के इंतजाम किए थे। उसके बाद भी मेले मे पानी की कमी को लेकर लोगो को पानी के लिए परेशान होते देखा गया। जहा नल लगाए गए थे वहा भी लोगो की भीड नजर आई। इसके अलावा वाहनो के उपर बैठकर आने वाले लोगो पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन इस पर अंकुश नही लग सका और अनेक लोगो को कही बसों के ऊपर तो कही वाहनो के उपर मेले मे शामिल होते देखा गया। मेले में मुख्यमंत्री के के साथ प्रभारी मंत्री के आगमन के कारण पूरा प्रशासन उनकी निगरानी में लगा रहा।

### मेले मे खास यह रहा

1. मेले मे दूषित पदार्थो की बिक्री होती रही।
2. बधाई नृत्य तो हुए लेकिन राई नृत्य कम होते देखा गया।
3. सडकें भीड से भरी नजर आई।
4. कई मार्गो पर जाम की स्थिति देखी गई।
5. जाम लगने के कारण लोगो ने वाहनों को कई किमी पहले खडा किया और पैदल जाते देखे गए।
6. पथरीले क्षेत्र मे जूते चप्पल की हिफाजत के इंतजाम न होने के लिए परेशान होना पडा।
7. कई नाबालिग बालिकाए भी बधाई नृत्य करते हुए देखी गई।
8. बधाई नृत्य के लिए नृत्यांगनाए मनाते हुए नजर आई।
9. मोबाइल नेटवर्क की कमी इस बार भी बनी रही।
10. मनोरंजन के साधन भी मेले मे आकर्षण का केन्द्र रहे।
11. मीडिया के लिए कोई प्रबंध करीला धाम पर नहीं किए गए थे जिसके कारण मीडिया से जुड़े लोग परेशान होते रहे।

करीला धाम के विकास के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, दीपनाखेड़ा से 10 किमी लंबी सड़क करीला धाम तक बनाई जाएगी

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीला धाम पहुंचकर की जानकी माता के दरबार में पूजा-अर्चना

## महिला दिवस पर महिलाओं को भी संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध करीला धाम पर जानकी माता के दरबार में दर्शनों के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इस पवित्र भूमि पर निर्मित जानकी माता के दरबार में दर्शन किए और पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि करीला धाम हमारी संस्कृति से जुड़ा है, इस करीला धाम के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी, यह ऐसा पवित्र स्थान है यहां में पिछले करीला मेले में भी आया था और इस बार भी आया हूं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दीपनाखेडा से करीला धाम तक आने के लिए 10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ढोल बजाकर शंखनाद किया और श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री के साथ जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व सांसद डॉ.केपी यादव भी शामिल थे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे करीला धाम पहुंचे और सीधे जानकी माता के दरबार में दर्शन किए। यहां उन्होंने बारी बारी से सभी 6 मदिंरों में माथा टेका, इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ आते हैं और जानकी माता के दरबार में दर्शन करते हैं, यहां दर्शन करने वालों की मनोकामना पूरी होती हैं। यह स्थान अत्यंत पवित्र है और माता जानकी के जीवन की कथा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि माता सीता शक्ति पराक्रम की देवी हैं माता सीता का प्रताप गौरवशाली संस्कृति है। इस पवित्र स्थान से महर्षि बाल्मीकी, सीता माता और लव कुश की कहानी जुड़ती है। आज के दिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माता जानकी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया है उन्होंने कहा कि प्रत्येक काल में अलग-अलग देवताओं का महत्व रहा है। पहले माता फिर पिता और बाद में देवताओं का नाम है। हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान दिया गया है, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्राम दीपनाखेड़ा से करीला धाम तक 10 किलोमीटर की सड़क स्वीकृत किए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने करीला धाम तीर्थ हेतु संपूर्ण विकास हेतु कार्य योजना बनाए जाने के कलेक्टर को निर्देश दिए।

### इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने 115 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि के 50 विकास कार्यों का किया लोकार्पण

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 115 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि के विभिन्न 50 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।इस दौरान उन्होंने सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर लागत 29.45 करोड़, मोहन पुर लिधोरा मार्ग से किर्राया सड़क 1.26 करोड़, मुंगावली चंदेरी मार्ग से डुंगासरा तक सड़क निमार्ण 25 लाख अशोकनगर पिपरई मार्ग के किलोमीटर 13/10 में ओर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निमार्ण 7.06 करोड़,नवीन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन राजपुर 10.94 करोड़, आंगनवाड़ी भवन निर्माण ग्राम खैरोना 95 लाख, ग्राम कोलुआ 12 लाख, पंचायत भवन निमार्ण कजराई 2लाख 25 हजार, शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय 5.42 करोड़,100 बिस्तरीय बालिका छात्रावास मल्हारगढ़ 1.78 करोड़, प्राथमिक शाला भवन अथाई घाट 43 लाख रूपये के कार्यों का लोकार्पण किया गया।

साथ ही मां जानकी करीला धाम परिसर में व्हीआईपी दर्शन एप्रोच मार्ग 6.50 लाख, सीता रसोई के पास हट निर्माण 05 लाख रूपये,टीनशेड निर्माण 2.5 लाख रूपये,हेलीपेड एवं रोड निर्माण 15 लाख रूपये,व्हीआईपी पार्किंग हेतु रेम्प निर्माण 05 लाख रूपये,पानी टंकी निर्माण हेतु 40 लाख रूपये तथा पेयजल हेतु नवीन 05 नलकूप खनन हेतु 89 लाख रूपये की राशि के कार्यो का लोकार्पण किया गया।

### आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला दिवस के मौके पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है, साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में भी 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा।

## *रंगपंचमी पर रंगों की होली खेली गई, पूरे शहर में जगह-जगह हुलियारों को रंग लगाते हुए देखा गया*





*अशोकनगर। होली का उत्सव होलिका दहन के साथ शुरू होता है और रंगपंचमी पर समापन होता है। रंगपंचमी का दिन रंगो की होली के लिए जाना जाता है। इसीलिए रविवार को रंगपंचमी का पर्व मनाया गया और रंगो की होली खेली गई। युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। शहर मे मनाए जाने वाले होली के पर्व मे रंगपंचमी एक ऐसा दिन है जिस दिन रंगो की होली सर्वाधिक खेली जाती है। लोग एक दूसरे के घरों पर जाकर रंग लगाते हुए देखे गए। शहर मे युवाओ, युवतियो और सभी वर्ग के लोगो मे उत्साह देखा गयां। रंगपंचमी पर लोगो ने तरह तरह के रंगो का उपयोग किया। शहर मे रंगो की होली तो होती है लेकिन यहा कोई गेर नही निकलती। पहले कभी गेर निकलती थी और रंगपचंमी का उत्सव मनाया जाता था। लेकिन अब यहा इस तरह का कार्यक्रम देखने नही मिलता। लोग अपने स्तर पर ही रंगपंचमी का यह त्यौहार मनाते हुए देखे गए। इस त्यौहार पर युवाओं को बाइको से इधर उधर आते जाते देखा गया। संस्थानो के साथ अन्य स्थानो पर भी लोगो को होली का पर्व मनाते हुए देखा गया। लोगों ने डीजे बजाकर नृत्य किया और रंग पंचमी का उत्सव मनाया। शहर के माउंट लिटरा किडजी स्कूल में रंग पंचमी के अवसर पर पारिवारिक होली का विशेष आयोजन किए गया, जहां डीजे की थाप पर बच्चों सहित युवा और महिलाएं भी झूमती नजर आई। सभी ने पहले एक दूसरे को गुलाल लगाया और पानी की बौछार के बीच संगीत और नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।*

# सीएम डॉ. यादव ने दी पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव को श्रद्धांजलि






**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को हेलीकॉप्टर से अपनी धर्मपत्नी के साथ तहसील ईसागढ़ के ग्राम महुअन पहुंचे। यहां उन्होंने चंदेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव के निधन पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वर्गीय राव राजकुमार सिंह यादव के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि राव राजकुमार सिंह यादव एक सरल, मिलनसार और नेक व्यक्तित्व के धनी थे। वर्ष 2008 से 2013 तक विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। लंबे समय से उनका परिवार जनपद अध्यक्ष पद सहित जनसेवा से जुड़ा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राव राजकुमार सिंह यादव का व्यक्तित्व जनसेवा के प्रति समर्पित रहा और क्षेत्र के लोगों के बीच विशेष पहचान थी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

महिला दिवस पर आयोजन

# लीनेस क्लब ने नपा की सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया



**अशोकनगर।** पूरे विश्व में 8 मार्च को महिला दिवस मनाया जाता हैं । इस उपलक्ष में लीनेस क्लब की सभी सदस्यों ने नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों के साथ महिला दिवस मनाया। उपस्थित महिला सफाई कर्मचारियों को पुष्पमाला एवं साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल ने कहा की सभी महिलाएं सम्मान की अधिकारी होती है। एक ग्रहणी भी सम्मान की अधिकारी है। घर की रौनक एक स्त्री से ही होती है, इसमें उपस्थित रही प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, प्रांतीय सचिव डॉक्टर रजनी शुक्ला, सचिन रश्मि अग्रवाल जयपुरी, विजय अग्रवाल, कुसुम गुप्ता, कुसुम अरोड़ा, एवं विनीता अग्रवाल उपस्थित रही।

# करीला धाम में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने किए मां जानकी के दर्शन



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश सरकार के मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सीताराम बाथम द्वारा रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को करीला धाम पहुंचकर मां जानकी के दर्शन किए। तत्पश्चात बाथम ने अशोकनगर में कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट की। इस दौरान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी के निवास पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर बाथम का स्वागत किया। इसके अलावा रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल यादव श्याम कन्हैया, लखन उपाध्याय के निवास पर भी स्वागत किया गया। इससे दौरान घनश्याम शर्मा रामकुमार रघुवंशी श्याम रघुवंशी नीरज श्रीवास्तव परमाल कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दूर-दराज शहरों से आए हिंदू दुकानदार पलायन को हो रहे हैं मजबूर

# राजगढ़ उर्स लगने से पहले ही अनियमितताओं का दौर शुरू



### 4 माह बाकी होने पर भी नई कमेटी का कर दिया गठन

लेकिन हद तो जब हो गई कि वक्फ बोर्ड ने पूर्व की कमेटी के चार माह बाकी होने पर भी एक नई कमेटी पैराशूट से उतार दी। नव गठित कमेटी ने पूर्व कमेटी से अपना हिसाब किताब मांगना शुरू कर दिया और पूर्व कमेटी के द्वारा किए गए सभी टेंडर को निरस्त करते हुए अपने निजी मनगढ़ंत कहानी बनाकर निजी स्वार्थ के लिए मनगढंत टेंडर करना शुरू कर दिए। लेकिन जब मेले का दिन करीब आने लगा वैसे ही शहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों में रोस सा छा गया और दबी जुबान से सब वक्फ बोर्ड का विरोध करने पर उतारू हो गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/राजगढ़

जिले में स्थित सूफी बाबा बदख्सानी रहमतुल्लाह अलैह के यहां होने वाले सालाना उर्स मुबारक का आगाज हो चुका है। बता दें कि तत्कालीन प्रबंधन कमेटी जो की मोहम्मद शफीक गाम के नेतृत्व में लगातार अपने कार्य को अंजाम दे रही थी जबकि वक्फ बोर्ड ने उर्स मुबारक संपन्न करने के लिए सफीक गाम कि प्रबंधन कमेटी को नोटिफिकेशन जारी करते हुए आदेश किया था कि उर्स संपन्न करने के लिए झूले लाइट सफाई अपनी पार्किंग जैसी सभी टेंडर के लिए विज्ञप्ति जारी की जाए जिससे कि आने वाले उर्स में किसी भी तरह से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। वक्फ बोर्ड के पालन में तत्कालीन समिति ने विज्ञप्तियां जारी करते हुए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी जबकि टेंडर की समय सीमा तक जो बिजली झूले एवं पार्किंग के जो टेंडर आए थे वह टेंडर होने की अंतिम तारीख के पहले वक्फ बोर्ड ने फिर से एक फरमान जारी कर दिया जिसमें वक्फ बोर्ड ने एक नई समिति को गठित कर दिया जबकि पूर्व की तत्कालीन शफीक गाम वाली कमेटी का 4 माह का कार्यकाल बाकी था।



वक्फ बोर्ड ने जैसे ही नई कमेटी की घोषणा कर दी इसके बाद जब राजगढ़ में हलचल का दौर शुरू होगया। बता दें कि पूर्व कमेटी के द्वारा किए गए सभी टेंडर को नवनियुक्त कमेटी ने निरस्त कर दिया जबकि नियम अनुसार पूर्व कमेटी को वक्फ बोर्ड ने आदेशित किया था कि टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के लिए विज्ञप्ति जारी कर टेंडर करवाया जाए इसी के चलते पूर्व कमेटी ने सुचारू रूप से अपने कार्य को अंजाम देते हुए सभी प्रक्रियाएं सतत जारी रखी। प्रदेश अध्यक्ष वक्फ बोर्ड सनवर पटेल ने कहा, मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है शिकायत आएगी तो कार्रवाई होगी।

### क्यों दिया चार माह पहले इस्तीफा

पूर्व कमेटी के सदर सफीक गाम से आखीर चार माह बाकी होने के पहले ही इस्तीफा क्यों ले लिया गया और अगर इस्तीफा अगर लेना ही था तो उन्हें उर्स करने के लिए टेंडर एवं विज्ञप्तियों के लिए बोर्ड ने क्यों नोटिफिकेशन जारी किया। लेकिन बड़ी बात तो यह है कि जब नवगठित कमेटी ने जैसे-जैसे काम शुरू किया तो अनेकों अनियमिताएं देखने में सामने आने लगी उर्स के पहले बाबा हुजूर की गुंबद का कलश उतारा जाता है एवं गुसल के बाद वापस कलश शरीफ चढ़ाया जाता है उसमें कलश को अदब एतराम करते हुए उतरते हैं। बाबा पर आस्था रखने वाले लोग उस कलश को उतारते हुए चुमकर एवं अपना सरताज बनाकर सर से लगाकर अदब के साथ उसको आगे बढ़ाया जाता है लेकिन यह रस्म नवगठित कमेटी के सदर ने नहीं किया जिससे शहर के कई लोग नाराज हुए एवं शहर वासियों का कहना है कि बाबा हुजूर के यहां जो खादिम सदर बनता है वह सूफियों पर अकीदा रखने वाला होना चाहिए। लेकिन यहां पर तत्कालीन वक्फ बोर्ड ने जो सदर बनाया है वह जमाती लाइन का व्यक्ति है जो पूर्व से मस्जिद में नमाज पढ़ाकर इमामत करते थे। वह बाबा हुजूर पर एवं सूफियाना पर अपना अकीदा नहीं रखते हैं यह लोग बाबा हुजूर के यहां कदम बोसी एवं चादर चुमने को सिर्क कहते हुए इसका विरोध करते हैं, लेकिन वक्फ बोर्ड ने उसी को वक्फ संपत्ति बाबा बाबा बदख्शांनी रहमतुल्लाह आले के यहां सदर बना कर भेज दिया।

### दुकानदारों से लूटपाट के मामले आने लगे सामने

लेकिन जैसे ही कमेटी के मेंबरों ने ग्राउंड में काम करना शुरू किया। उर्स सम्पन के पहले जब दुकानदारों को वक्फ संपत्ति पर दुकान एलार्ट की जाती हैं उन दुकानों में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आ रहा है जिसमें दुकानदार आरोप लगा रहे हैं कि नवगठित कमेटी ने पूर्व की सभी कमेटियों से ज्यादा लूटपाट शुरू कर दी है। कुछ दुकानदारों का कहना यह भी है कि हमें पूर्व से जो 7000 में जगह मिल रही थी उस जगह का 80000 और डेढ़ लाख रुपए तक की डिमांड कर रहे हैं। पैसे नहीं देने पर हमें यह कहकर भगाया जा रहा है कि चले जाओ तुम्हारा कोई यहां पट्टा नहीं है, जबकि राजगढ़ बाबा हुजूर के उर्स में सभी आस्था के हिसाब से अपनी दुकान लेकर आते हैं कि बाबा हुजूर के मेले में कुछ कमाई होगी जिससे कि परिवार भरण पोषण सुचारू रूप से चलेगा। लेकिन नवगठित कमेटी ने तो सभी हदें पार करत दी, राजगढ़ के ही निवासी कुछ लोगों का कहना है कि विधिवत पूर्व कमेटी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए जो टेंडर कराए थे उसमें हमने भी भाग लिया था। जिसमें मेरा टेंडर को नवगठित कमेटी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए निरस्त कर दिया है जबकि मेरा टेंडर वर्तमान टेंडर से ज्यादा था।

# नगर में रंग पंचमी का त्योहार डीजे की धुन, नपा फायर ब्रिगेड के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

प्रतिवर्ष की भांति रंगों की रंगरलिया एक दूसरे के साथ अटखेलिया खेलने का मजा तो सिर्फ रंग पंचमी के दिन ही पूरा होता है क्योंकि लोग कई दिनों पहले से इस त्यौहार के इंतजार का इंतजार करते हैं छापीहैड़ा में नन्हे नन्हे बच्चे रंगों से भरी पिचकारीया बंदूके लेकर रंगों के गुब्बारे एक दूसरे पर फोड़ने का कार्य इस दिन निरंतर जारी रखते हैं नगर के सभी प्रबुद्ध जन लोग एकत्रित होकर डीजे के साथ तथा नपा की फायर ब्रिगेड की पानी की धार के साथ नाचते गाते एक दूसरे को रंग लगाते हुए बस स्टैंड से रवाना होकर तालाब परिसर पाटीदार मोहल्ला कुशवाह काची मोहल्ला के दरकिनार होते हुए स्वर्णकार गली के माध्यम से बाजार चैक श्री राम मंदिर परिसर के आजू-बाजू नाचते हुए इस त्यौहार में मनोरंजन के साथ-साथ रंगों की बौछार के साथ चलते दिखाई पड़ते आखिर में छापीहेड़ा बस स्टैंड स्थित अंबेडकर पार्क के आसपास सभी एकत्रित होकर गुलाल रंगों की फुहार के साथ आमसभा को संबोधित करते हैं जिसमें नगर के वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष बद्री लाल रजक के कपड़े फाड़ दिए तथा रंग पंचमी के प्रबुद्ध जन को चप्पलों की माला पहनते झाड़ू से हवा करते हुए नजर आए नगर के वरिष्ठ जन को आम सभा के बीचो-बीच सबके सम्मुख बिठाकर अपनी अपनी झूठी मूठी कहानीया प्रेषित करते हैं इस त्यौहार पर सबसे मिलजुल कर हंसी मजाक करना सबसे बड़ी मिलनसार की अटखेलिया खेलने का एक सुनहरा त्यौहार रंग पंचमी का ही होता है इस मौके पर हेमंत सेठिया दीपक इंग्ले रिटायर्ड शिक्षक महेश गुप्ता बद्री लाल रजक नीरज सेठिया श्याम चालीस गाओकर शिक्षक सेन साहब तथा सभी नगर वासी।

## भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री सिंह से मिले सारंगपुर के कांग्रेसजन, समस्याएं बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह से शनिवार को भोपाल में सारंगपुर के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान जनपद सदस्य घनश्याम मालवीय ने बताया सारंगपुर क्षेत्र में पानी की कमी, बेरोजगारी, महंगाई, पंजीयन करने पहुंचे किसानों को वापस घर भेजना, बीमा मुआवजा की कार्रवाई करने जैसे मामलों पर ध्यान आकर्षित करवाया। इस मौके पर कांग्रेस नेता बाबूलाल मालवीया, कमल परमार, इसीन जैन, घनश्याम मालवीय, दिनेश पुरी गोस्वामी, महेश खाती, आशीष विश्वकर्मा, सुनील वर्मा आदि मौजूद थे।



# वंदे मातरम स्वर्णिम भारत विषय पर फाग उत्सव का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत" विषय पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोत्सना दांगी, कुसुम टांक, अर्चना राय आरक्षक समता गुप्ता, एवं प्रिया पुष्पद पार्षद उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी प्रकृति की अनमोल रचना है। एक ओर वह कोमल है तो दूसरी ओर शक्ति स्वरूपा भी है। शारीरिक दृष्टि से पुरुष अधिक बलशाली माना जाता है, फिर भी "नारी शक्ति" शब्द ही प्रचलित है, क्योंकि शक्ति का स्वरूप नारी ही है। शक्तियों की पूजा देवी के रूप में की जाती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण से लेकर विश्व निर्माण तक महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिला शांति और समरसता की अग्रदूत होती है, क्योंकि ईश्वर ने उसे अनेक गुण और क्षमताएं प्रदान की हैं। जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कुमारी मुस्कान और कुमारी मीरा ने सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। इसके पश्चात सभी ने फाग उत्सव धूमधाम से मनाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली।

# श्रीमद भागवत कथा 16 मार्च से पोस्टर का विमोचन, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर के पीला खाल खेल मैदान पर 16 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ पोस्टर विमोचन के साथ हुआ। नगर के गणमान्य नागरिक व आयोजन समिति के सदस्यों ने पावर हाउस स्थित माता मंदिर के प्रांगण में बैठकर पोस्टर विमोचन कर प्रचार प्रसार का शुभारंभ। बता दें कि करीब 20 वर्षों बाद गेहूं खेड़ी के प्रेम नारायण जी के मुखारविंद से यह कथा होने जा रही है। 16 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च को खत्म होने वाली कथा का समय दोपहर 12 से 3 बजे रहेगा। पोस्टर विमोचन के दौरान ही नगर के गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की तैयारियाँ के संबंध में चर्चा भी की फिर प्रचार प्रसार समिति, जल सेवा समिति, भोजन व्यवस्था समिति, साफ सफाई व्यवस्था समिति, निगरानी समिति, पार्किंग व्यवस्था समिति सहित अन्य समितियां के नाम को लेकर चर्चा जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर में आने वाले दिनों में घर-घर जाकर पीला चावल देकर न्योता दिया जाएगा ऐसा निर्णय भी इस दौरान लिया गया। प्रचार प्रसार में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो इसको लेकर भी शहर की महिला संगठनों से संपर्क भी किया जाएगा। उपस्थिति लोगों ने माँ जगदम्बे को पहला निमंत्रण देकर इस आयोजन को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न करवाने का आह्वान भी किया। कथा के शुभारंभ अवसर से पूर्व पावर हाउस स्थित माता मंदिर से कलश यात्रा शुभारंभ होगी। जिसमें सैकड़ो महिलाएं व पुरुष हिस्सा लेंगे 8 बजे से शुरू होकर यह कलश यात्रा 10 बजे तक कथा स्थल तक पहुंच जाएगी। सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित ये आयोजन इस बार विशेष होने जा रहा है।

## जंगल धधक उठाः गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

वन परिक्षेत्र के आसपास फैले प्राकृतिक जंगलों में भी आग ने वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर नगर के चारों ओर फैले अधिकांश जंगल वन विकास निगम के हैंडओवर में हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है।इसी कड़ी में ग्यारसपुर नगर से लगे गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र, जहां श्मशान शेड और वन विभाग की नर्सरी स्थित है, वहां के जंगल में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा जलकर खाक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी क्षेत्र में किसानों की फसलें पककर तैयार खड़ी हैं। यदि जंगल की आग खेतों की ओर बढ़ती है तो किसानों की मेहनत से तैयार फसलें भी पल भर में जलकर राख हो सकती हैं।

# चलते ट्रक में आग लगी, फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नेशनल हाईवे पर सारंगपुर-अकोदिया रोड स्थित ब्रिज के पास शनिवार शाम को एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, एसआई अमित त्यागी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। वहीं नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक जीजे 12 जेड 0184 में अचानक धुआं उठने के बाद आग भड़क गई थी। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। आग की वजह से ट्रक का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारु रूप से चालू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# गिरिराज की हवेली पर रंग पंचमी मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

ग्राम सिरपोई जिला आगर मालवा में स्थित गिरिराज की हवेली पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी गिरिराज की हवेली कदम खंडी सिरपोई में रंगपंचमी महोत्सव (फागोत्सव) एवं गिरिराज का 24 पाटोसव सोमयज्ञ सम्राट आचार्य व्रजोत्सव महाराज के सानिध्य में मनाया गया।


सभी वैष्णव जन भक्तजन इस कार्यक्रम में पधारे अपने-अपने गले में उपरना कर एवं महिलाएं केसरिया लाल साड़ी पहन कर इस कार्यक्रम में एकत्रित हुई आनंद ही आनंद बरसा छापीहेड़ा से द्वारका प्रसाद टाक ओम सेठिया रामकुमार सेठिया योगेश चैरसिया मुकेश चैधरी महेश गुप्ता (लाज वाले) योगेश गुप्ता श्रवण अग्रवाल पुरुषोत्तम गुप्ता महिला मंडल में नीतू गुप्ता सीमा गुप्ता उषा गुप्ता शीतल गुप्ता बबली गुप्ता वर्षा गुप्ता रीना गुप्ता गंगा गुप्ता आदि मातृशक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## पुलिस के पुख्ता इंतजाम रहे, पुलिस कप्तान ने तीसरी आंख से नजर रखी

# रंगपंचमी का त्योहार भव्य रूप से मना, नगर में उत्साह का माहौल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर में भव्य रूप से रंगपंचमी का त्योहार मनाया गया पूरे नगर में रंग और उत्साह का माहौल देखा गया। एसडीओपी अरविंद्र सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नजर आए वही दूसरी और पुलिस कप्तान अमित तोलानी ने थाने में। कैमरा कंट्रोल यानी तीसरी आंख से रखी नजर, वही हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में होली उत्सव के सात दिवसीय रंगारंग महोत्सव के अंतर्गत रविवार को नगर में भव्य गैर चल समारोह निकाला गया। बालरूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पूरे शहर में निकाली उत्साह और उल्लास का माहौल बनाती हुई निकली गैर चल समारोह बालरूप हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर भोईवाड़ा, गांधी चैक, सादर बाजार, महाकाल चैराहा, मुखर्जी चैक, त्रिपोलिया बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद, रंगेरवाड़ी, बागकुआ टंकी, बदलीपुरा और दीनदयाल चैराहा होते हुए न्यू बस स्टैंड पहुंची। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने रंग, गुलाल और ढोल-नगाड़ों के साथ गैर का भव्य स्वागत किया। युवाओं और नागरिकों ने नाचते-गाते हुए रंगपंचमी का उत्सव मनाया और पूरे मार्ग में उत्साह का माहौल देखने को मिला। गैर के समापन पर बस स्टैंड पर फायर ब्रिगेड और टैंकर के माध्यम से रंगों की बारिश की गई, जिससे माहौल और भी आनंदमय हो गया। पूरे चल समारोह के दौरान ढोल की थाप पर लोग झूमते नजर आए और एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।




वही गैर के समापन से पूर्व महाकाल चौराहा मित्र मंडल द्वारा गैर में शामिल लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। समापन के बाद नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा बस स्टैंड उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार करवाया ।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों उपस्थिति रहे। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा तथा थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा,नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे पटवारी शहजाद मंसूरी सहित प्रशासनिक अमला राजनीतिक दलों के पदाधिकारी हिंदू उत्सव समिति महादेव मित्र मंडल सहित अन्य सामाजिक संस्था के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इन्होंने भी किया स्वागत

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो अली के नेतृत्व मंच सजाकर रंगपंचमी जूल्स का स्वागत किया तो वही दूसरी ओर सद्भावना मंच संयोजक निजाम कुरैशी के नेतृत्व में सदर अनुजमन कमेटी सदर अलीम बाबा आदि लोगों ने रंगपंचमी के जुलूस का भव्य स्वागत किया आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और पूरे नगर में रंग, उमंग और भाईचारे का संदेश दिया।